ont>

Title: Need to release funds from Central Road Fund for proper maintenance of Lumbini-Duddhi State Highway in Uttar Pradesh.

श्री चिन्मयानन्द स्वामी (जौनपुर) : महोदय, उत्तर प्रदेश का लुम्बिनी-दुद्धी राजमार्ग जो उत्तर प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थानों और पर्यटक स्थलों से हो कर गुजरता है, मेरे संसदीय क्षेत्र जौनपुर के ठीक बीच से निकलता है। यह राजमार्ग जनपद की जीवन-रेखा है, लेकिन इसकी हालत अत्यन्त खराब है। इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। पैदल चलना भी दूभर हो गया है। राज्य सरकार ने उक्त राजमार्ग के जीर्णोद्धार हेतु 43 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया है, लेकिन धनाभाव के कारण उक्त सड़क को राट्रीय राजमार्ग घोाित करने का प्रस्ताव भी किया है।

अतः मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि उक्त मार्ग की मरम्मत के लिए केन्द्रीय सड़क निधि से 43 करोड़ रुपए स्वीकृत कर इस महत्वपूर्ण सड़क की मरम्मत पूर्ण कराई जाए।

उपाध्यक्ष महोदयः इससे सदन की गरिमा नहीं बढ़ेगी। आपको मामला उठाने की इजाजत दी। सरकार ने कहा कि वह इस बारे में कल वक्तव्य देगी।

13.40 hrs.

(At this stage Kunwar Akhilesh Singh went back to his seat)